आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 01 जून 2025, समय 1810

मुख्य समाचार

1-केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार आपराधिक न्याय प्रणाली में फोरेंसिक साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण को प्राथमिकता दे रही है।

2- तेल कंपनियों ने आज से 19 किलोग्राम वाले व्यापारिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 24 रुपये की कटौती की है।

3- हरियाणा सरकार के आबकारी एवं कराधान विभाग ने राज्य के 5 जिलों में शराब की खुदरा दुकानों की नीलामी से लगभग 2 हजार 707 करोड़ रुपये का लाइसेंस शुल्क प्राप्त किया।

4- करनाल के राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान में आज विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया-- भारत के सकल घरेलू उत्पाद में डेयरी और पशुपालन क्षेत्र का योगदान साढ़े चार प्रतिशत है।

5- थाईलैंड में आज सम्पन्न हुई ओपन इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भिवानी के मुक्केबाज नमन तंवर ने स्वर्ण पदक जीता।

6- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद नई खेल शर्तें लागू की ।

---------------------------------------------------------------------------

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार आपराधिक न्याय प्रणाली में फोरेंसिक साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण को प्राथमिकता दे रही है।

कोलकाता में नए केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भवन का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि फोरेंसिक बुनियादी ढांचे का पुनरुद्धार इस प्रयास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है

*भारत सरकार की ओर से हर जिले में एक फोरेंसिक मोबाइल वैन के लिए हर राज्य को सहायता ऑफर की है। हमने दूरदर्शिता के साथ कानून 24 में आया 20 में हम नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की स्थापना कर चुके थे, 26 परिसर करीब करीब हर बड़े राज्य में एक एनएफएसयू की कॉलेज हम बनाएंगे। जिससे ट्रेन मैनपॉवर मिलेगी*।

---

तेल कंपनियों ने आज से 19 किलोग्राम वाले व्यापारिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 24 रुपये की कटौती कर दी है। दिल्ली में अब इस सिलेंडर की संशोधित खुदरा कीमत एक हजार सात सौ 23 रुपये 50 पैसे हो गई है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम पहले जैसे ही रहेंगे। इससे पहले इसी साल अप्रैल में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 41 रुपये की कटौती की गई थी।

---

हरियाणा सरकार के आबकारी एवं कराधान विभाग ने राज्य के 5 जिलों में शराब की खुदरा दुकानों की नीलामी से लगभग 2 हजार 707 करोड़ रुपये का लाइसेंस शुल्क प्राप्त किया है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह पिछले आबकारी नीति वर्ष में इसी दौर में प्राप्त लाइसेंस शुल्क से काफी अधिक है।

उन्होंने बताया कि आबकारी नीति 2025-27 के अंतर्गत शराब की खुदरा दुकानों की तीसरे चरण की नीलामी गुरुग्राम पूर्व, करनाल, पलवल, रेवाड़ी, जींद और यमुनानगर छह जिलों में की गई।

आबकारी आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने बताया कि 270 जोनों में से 184 जोन आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उचित राजस्व प्राप्त करने के लिए विभाग ने 3 जोनों की नीलामी को रद्द करने और यमुनानगर में सभी जोनों की नए सिरे से नीलामी करने का निर्णय लिया है। इन 6 जिलों के शेष 142 जोनों की नीलामी जून के पहले सप्ताह में फिर से की जाएगी।

आबकारी एवं कराधान विभाग ने सभी जिलों के लिए नीलामी का अगला दौर 3, 4 और 5 जून को निर्धारित किया है।अगले चरण में राज्य के सभी जिलों को तीन समूहों में बांटा गया है।

---------------------------------------------------------------------------------

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को सलाम करता है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता लांस नायक करम सिंह को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।

*1915 में पंजाब में जन्मे लांस नायक करम सिंह 1941 में सिख रेजीमेंट में भर्ती हुए। 1948 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में टीथवाल की लंबी लड़ाई के दौरान लांस नायक करम सिंह ने अहम भूमिका निभाई। 13 अक्टूबर की रात लेंस करम सिंह की चौकी पर भारी गोलाबारी के साथ दुश्मन ने एक बड़ा हमला किया। संख्या में बहुत कम होने और गोला बारूद की कमी के बावजूद उन्होंने दुश्मन के कई हमलों*

*<u>को विफल कर दिया। अपने साथियों को दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने और दुश्मन पर ग्रेनेड से हमले करने के लिए लांस नायक सिंह एक स्थान से दूसरे स्थान पर गए। दो बार घायल होने के बावजूद उन्होंने वहां से जाने से इनकार कर दिया और पहली पंक्ति की खाइयो पर बने रहे । दुश्मन के पांचवें हमले के दौरान दो दुश्मन सैनिक उनकी पोजीशन के बहुत करीब आ गए, गोलीबारी के खतरों से बचने के लिए करम सिंह अपनी खाई से बाहर निकले और संगीन से दोनों दुश्मन सैनिकों को मार डाला। अपनी असाधारण बहादुरी के लिए लांस नायक करम सिंह को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया जो टीथवाल की लड़ाई में साहस का प्रतीक बन गए। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली</u>*

--------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' सिर्फ एक राजनीतिक विचार नहीं है, यह राष्ट्रहित का विचार है। यह समय, संसाधन और जन-भागीदारी को और अधिक सशक्त करने वाला विचार है।

मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' थीम पर आयोजित 'गुरुग्राम रन' को  झंडी दिखाने से पूर्व संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' वह विचार है जिसके अनुसार जब एक राष्ट्र एक साथ चलता है, तब वह हर बाधा को पार कर सकता है। जब देश एक साथ सोचता है, तब वह हर संकट का समाधान निकाल सकता है।

कार्यक्रम में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह और खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में चुनाव एक समय पर कराने से चुनावों पर आने वाला खर्च कई गुणा कम हो सकता है। प्रशासनिक मशीनरी का बेहतर उपयोग हो सकता है। साथ ही विकास बिना रुके हो सकता है।

------------------------------------------------------------------------------------

करनाल के राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान में आज विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया। इस वर्ष विश्व दुग्ध दिवस का विषय है "आइए डेयरी की शक्ति का जश्न मनाएं"।

इस अवसर पर राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ धीर सिंह ने कहा कि विश्व दुग्ध दिवस सिर्फ एक उत्सव नहीं है यह एक आंदोलन है जो दूध को एक महत्वपूर्ण, सुलभ खाद्य स्रोत के रूप में उजागर करता है। उन्होंने कहा कि डेयरी भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में डेयरी और पशुपालन क्षेत्र का योगदान साढ़े चार प्रतिशत और कृषि क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत है।

डॉ धीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान 100 वर्षों से भारत में डेयरी विकास को बढ़ावा देने के लिए डेयरी फार्मिंग, प्रसंस्करण, डेयरी अर्थशास्त्र सहित डेयरी के विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहा है।

जोधपुर स्थित कृषि संस्थान के निदेशक डॉ जयप्रकाश मिश्रा ने कहा कि वैज्ञानिक खोजों की बदौलत आज देश में दुग्ध क्रांति तेजी से अपना विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को भी अब वैज्ञानिकों के साथ मिलकर नई तकनीकों को अपनाना होगा ताकि आने वाली चुनौतियों से निपटा जा सके। संस्थान के परिसर में वैज्ञानिकों और छात्रों द्वारा मिल्क पार्लर पर डेयरी अनुसंधान की नई तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

गौरतलब है कि देश में 7 से 8 करोड़ लोग डेयरी व्यवसाय से जुड़े हुए हैं।

------------------------------------------------------------------------------------

थाईलैंड में आज सम्पन्न हुई ओपन इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भिवानी के मुक्केबाज नमन तंवर ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। कैप्टन हवा सिंह बॉक्सिंग अकादमी के इस मुक्केबाज ने फाइनल मुकाबले में चीन के मुक्केबाज को हराकर यह पदक अपने नाम किया।

भीम अवार्डी कोच संजय श्योराण ने बताया कि नमन तंवर ने उजबेकिस्तान के मुक्केबाज को हरा कर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया और फाइनल में भी अपनी जीत को बरकरार रखा।

नमन तंवर ने राष्ट्रमंडल खेलों में भी पदक जीता था।

------------------------------------------------------------------------------------

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद जून में टेस्ट मैचों और जुलाई से अन्य मैचों के लिए तत्काल प्रभाव से नई खेल शर्तें लागू करेगी।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा किया गया एक महत्वपूर्ण बदलाव वनडे में दूसरी नई गेंद को चरणबद्ध तरीके से खत्म करना है। वर्तमान में, 50 ओवर के मैचों में प्रति पारी दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है। संशोधित नियमों के अंतर्गत, 34वें ओवर तक दो गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा, जिसके बाद गेंदबाजी करने वाली टीम पारी खत्म करने के लिए एक गेंद का चयन करेगी। पहली पारी शुरू होने से पहले 25 ओवर या उससे कम के मैचों में, प्रत्येक टीम के लिए केवल एक नई गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा।

---

फ़रीदाबाद की खिलाड़ी रिद्धिमा कौशिक ने तमिलनाडु में आयोजित सब जूनियर वूशु नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। इस प्रतियोगिता में देशभर से 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था।26 से 31 मई तक चली इस प्रतियोगिता के फाइनल में रिद्धिमा ने उत्तर प्रदेश की अंकिता को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इससे पहले रिद्धिमा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में कई स्वर्ण पदक जीत चुकी है। हंगरी में सब जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी वह स्वर्ण और रजत पदक जीत चुकी हैं।

---

तमिलनाडु में आयोजित 25वीं जूनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप में भिवानी के युवराज ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। युवराज ने बताया कि उसने 45 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता । युवराज ने कहा कि उसका सपना है कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भारत के लिए पदक जीते।

---